गुरुनानक जयंती | श्रद्धालुओं ने झाड़ू से बुहार कर पुष्पों से पाट दिया समूचा पथ

# विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर निकला नगर कीर्तन





**नवभारत,जबलपुर।** नगर के ख्यात बैंड दल जोशीले अंदाज में गुरुनानक देव की इलाही गुरुवाणी नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार, जो श्रद्धा कर सिमदे गुरु पार उतारनहार जैसी मनमोहक धुन गुंजा रहे थे तो दूसरी तरफ श्रद्धालुओं के कीर्तन जत्थों में शामिल आबाल वृद्ध नर नारी, सतगुरू नानक परगटिया, मिटी धुंध जग चानन होआ जैसी यश अर्चन से भरपूर गुरुवाणी का आत्म मुग्ध गायन करते हुए दृष्टव्य थे। यह अनूठा अवसर था नगर कीर्तन का। अपनी पद यात्राओं से इंसानी भाईचारा, विश्व बंधुत्व, समरसता, और विश्व शांति का इलाही पैगाम देकर समग्र विश्व में भारतीय अध्यात्म की अलख जगाने वाले जगतगुरू नानक देव जी के 556 वें प्रकाशोत्सव गुरुपर्व के अवसर पर नगर के सिख समाज द्वारा सामूहिक तौर पर सिविक सेंटर स्थित माता गुजरी महाविद्यालय मैदान से बहुरंगी, भव्य और प्रेरक नगर कीर्तन निकाला गया।

### पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने किया अभिनन्दन

नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करता हुआ यह नगर कीर्तन जब गुरुनानकस्थली गुरुद्वारा मढ़ाताल में संपन्न हुआ, तब उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुक्ताकाश से पुष्प वर्षा कर जोरदार अभिनन्दन किया और कीर्तन दरबार के साथ ही गुरु का लंगर लगाकर कार सेवा भी की। नगर कीर्तन में मुख्य आकर्षण का केंद्र, स्वर्णिम आभा से युक्त पुष्प सज्जित आकर्षक स्वर्णरथ रहा जहां कलात्मक काष्ठ पालकी में स्थापित शब्दावतार साहिब श्री गुरुग्रंथसाहिब जी का पवित्र प्रकाश किया गया था। इनके समक्ष श्रद्धालुगण मिष्ठान और बताशे के थाल के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर माथा टेक कर आशीर्वाद ग्रहण कर रहे थे।

### 5 को मनाई जाएगी गुरुनानक जयंती

प्रधानसाहब प्रताप सिंह विरदी, जत्थेदार कुलदीप सिंह बंसल, सचिव सुखवीर सिंह, इंदरपाल सिंह सेहमी, अवतार सिंह बांगा, जतिंदर सिंह सैनी, एम एस नागी, अमनदीप सिंह विरदी, रजिंदर सिंह धंजल, सुरिंदर सिंह अहलूवालिया एवं गुरुपर्व समिति ने नगर वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। 5 ता.को गैरीसन मैदान में धूमधाम से गुरुनानक जयंती मनाई जाएगी।



### आकर्षक आतिशबाजी और भांगड़ा कर माहौल बना खुशनुमा

पंथ के पंज प्यारों की अगुआई में समस्त गुरुद्वारों के शबद कीर्तन करते स्त्री पुरुषों के समूह और बैंड दल फिजा को पूर्णत: भक्तिमय बना रहे थे। गुरु गोबिंद सिंह विद्यालय, कैंट खालसा,गुरु रामदास महाविद्यालय, हरि सिंह कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय एवं माता गुजरी महिला महाविद्यालय आदि के छात्रगण, एन सी सी दल, गतका दल,बाल पंज प्यारे के साथ ही बड़ी संख्या में गुरुनानक वाणी के सर्व धर्म समभाव से ओतप्रोत बैनर झंडे और गुरुनानक लीला को प्रदर्शित करतीं झांकियां लेकर चल रहे थे। विभिन्न व्यापारी संघों और समितियों द्वारा तोरण द्वार लगाकर भंडारे एवं मिष्ठान वितरण कर भावभीना स्वागत किया गया। समापन अवसर पर मालवीय चौक में उत्साही नौजवानों ने आकर्षक आतिशबाजी और पटाखों के साथ ही जोरदार भांगड़ा कर माहौल को खुशनुमा कर दिया।



# आदि कुमार के बाल क्रीड़ा का दृश्य देख श्रद्धालु भावविभोर

**दूसरे दिन जन्म कल्याणक विधान, मंगलकलशों से हुआ जन्मभिषेक**

**नवभारत, जबलपुर।** दिगंबर जैन अमृत तीर्थ मंदिर के टेलीग्राफ ग्राउंड में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को जन्म कल्याणक का विधान पूरी गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान आदि कुमार का पालना और बाल क्रीड़ा का दृश्य देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए। रात्रि के अंधकार में जन्म कल्याणक का ऐसा प्रकाश फैला की आयोजन स्थल में चारों तरफ उजियारा ही उजियारा नजर आने लगा। पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में मुख्य प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी आशीष पुण्यांश एवं प्रतिष्ठाचार्य पंडित पीयूष तथा सह प्रतिष्ठाचार्य अशोक दानी ने विधिवत नित्यमह पूजा के बाद आदि कुमार का जन्मोत्सव, जन्मातिशय आरोहण का विधान पूर्ण कराया। इसके बाद बधाइयां,सौधर्म इंद्र द्वारा अयोध्या नगरी की प्रदक्षिणा,इंद्राणी का आदि कुमार को लाना, सहस्त्र नेत्रों से सौधर्म इंद्र द्वारा दर्शन किया गया।इसके बाद ऐरावत हाथी पर पाण्डुक शिला की ओर जन्म कल्याण की शोभायात्रा निकाली गई।1008 कलशों से जन्मभिषेक किया गया। शचि द्वारा आदि कुमार का श्रंगार मनभावन रहा। आदिकुमार को माता-पिता को सौंपने का दृश्य देखकर श्रावकों की आंखों में भक्तिभाव की तरंगे लहराने लगीं।मंगल आरती और विद्वत प्रवचनों की अमृत वर्षा से प्रत्येक दर्शनार्थी भीतर- बाहर रोम रोम से आपल्वित हो गया।पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ने अपनी मंगल देशना में कहा कि ओम् में पंच परमेष्ठी समाहित होते हैं और ओम् में जो बिंदु है उसी स्थान की प्राप्ति के लिए दिगंबर साधु साधना करते हैं।मंत्र,मुद्रा, आसन,भोजन और ब्रह्मचर्य जिसके पास ये पांचो हैं वह सिद्धि को प्राप्त कर सकता है।मंत्र के माध्यम से अंतरंग शक्ति का शक्तिपात होता है। यदि हम बड़े ध्यान पूर्वक ओठों को हिलाए बिना अहं शब्द का ध्यान करते हैं तो हमारा मन स्थिर होता है।आज पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में जन्म कल्याण का दिन है।जन्म तो सभी का होता है लेकिन कल्याणक केवल तीर्थंकर के होते हैं क्योंकि अब उनके अगला जन्म होने वाला नहीं है तो जन्म संतति का नाश करके मोक्ष को प्राप्त होने वाले हैं।गर्भ,जन्म, तप,ज्ञान,मोक्ष ये तीर्थंकर के पांचो कल्याण होते हैं जो इस पंचकल्याणक में आप सब देखेंगे उनकी पूजा करेंगे।



# डॉ. जेम्स सुंदर मूर्ति स्मृति व्याख्यानमाला कल



**नवभारत, जबलपुर।** मीडिया स्टडी सर्किल जबलपुर के तत्वावधान में चतुर्थ डॉ. जेम्स सुंदर मूर्ति स्मृति व्याख्यानमाला 4 नवंबर को सायं 5 बजे से कला वीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय में आयोजित हो रही है। चर्चित आलोचक, कवि एवं भाषाविद बी एच यू के डॉ. आशीष त्रिपाठी मुख्य वक्ता होंगे जो चित्र की भाषा और भाषा में चित्र विषय पर व्याख्यान देंगे। शिक्षाविद एवं इंटैक कटनी चैटर के संयोजक मोहन दास नागवानी समारोह की अध्यक्षता करेंगे और लेनार्ड थियोलॉजिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. नवीन राव बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर स्कूल कॉलेज के छात्रों द्वारा जेम्स क्लिक अवार्ड के अंतर्गत लिए गए छायाचित्रों तथा वरिष्ठ छायाकारों के चित्रों की एक प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है।

## एक नजर में



### नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट के लिए विशेष पूजन

**नवभारत,जबलपुर।** दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वतीमहाराज द्वारा काली धाम में हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को निकाली जाने वाली 468 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के लिए विशेष पूजन कराया गया। पूजन में सावित्री देवी अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर बंटी महाराज गोलू तिवारी नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल, संरक्षक सुषमा शंकर पटेल, मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, मोहित तिवारी, नितिन चौबे, सत्य प्रकाश नामदेव, दीपक तिवारी आदि उपस्थित थे।



### 50 परिवारों को मिलेगा राशन पात्रता पर्ची का लाभ: विधायक

**नवभारत, जबलपुर।** कैंट विधानसभा रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र 66 में विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी ने क्षेत्र के पात्र परिवारों को राशन पात्रता पर्ची संबल कार्ड विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन जैसी हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किया। वार्ड पार्षद सुश्री कृष्णा दास चौधरी ने कहा की हमारा निरंतर प्रयास है कि वार्ड के प्रत्येक पात्र जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल सके। हितग्राही मूलक योजनाओ को चलाए जाने हेतु मैं केंद्र व राज्य सरकार का भी धन्यवाद देती हूं। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता लोचन प्रसाद दुबे, मेवा लाल यादव, बबलू खत्री, हरिओम चौकसे, संजय वर्मा, संतोष रजक राजेश अवस्थी, पुष्पा तिवारी सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय जन हितग्राही उपस्थित रहे।



### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आजाद बाग में मुशायरा

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर गोहलपुर स्थित आज़ाद बाग़ में हमारा चमन और बज़्मे मरासिम के संयुक्त तत्वावधान में एक शानदार मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी मज्जू कुरैशी ने की, जबकि संचालन (निज़ामत) का दायित्व राशिद राही ने निभाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रिज़वान अंसारी (पूर्व सदस्य, हज कमेटी) रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हाजी अय्यूब रहे। मुशायरे में हाजी शेख निज़ामी, निसार ग़ज़फ़री, मक़बूल जफ़र, जावेद नाज़, जफ़र लखनपुरी, शकील बाग़ी, शोएब अख्तर माहिर, अजय मिश्रा और अजय रिजवान हकीमी जैसे प्रसिद्ध शायरों ने अपने बेहतरीन कलाम पेश कर महफ़िल को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं सत्कार शकील बाबू और आरिफ़ अंसारी द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन भी शकील बाबू ने किया।

# ईपीएफओ आंचलिक कार्यालय को मिला प्रथम पुरस्कार



**नवभारत, जबलपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 73वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में आंचलिक कार्यालय, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ को तकनीकी आधारित नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यालय द्वारा विकसित 'तत्पर' और 'दर्पण' पोर्टल के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा सेवाओं के विस्तार एवं तकनीकी सुधार के लिए प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री, श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुश्री वंदना गुरनानी, तथा केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। समारोह में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। आंचलिक कार्यालय (म.प्र. एवं छ.ग.) की ओर से अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त वी. रंगनाथ, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त शिखर शर्मा, शलभ दुबे, लेखाधिकारी रजत वर्धन, अनुभाग प्रभारी महेश चोईथानी एवं सामाजिक सुरक्षा सहायक सुश्री लवली भोजवानी को इस अवसर पर केंद्रीय कार्यालय द्वारा आमंत्रित किया गया था।



# 18 जनवरी को युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**नवभारत ,जबलपुर।** विगत दिवस अहिरवार समाज महापरिषद जबलपुर की आमसभा बैठक संविधान चौक तिलवारा में आयोजित की गई, जिसमें 18 जनवरी 2026 को मानस भवन जबलपुर में रविदास समाज के 18वें अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करने निर्णय लिया गया, जिसकी प्रविष्ठि भी प्रारंभ हो गई है। उपरोक्त जानकारी महापरिषद के अध्यक्ष डी.के.राव द्वारा दी गई। बैठक को प्रांतीय अध्यक्ष एच.डी. डोंगरे, महासचिव रवि चौधरी, उपाध्यक्ष जीवन अहिरवार, डी.सी.चौधरी, संजय अहिरवार, नीलू चौधरी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने संयोजक के.एन. अहिरवार कोषाध्यक्ष मुन्नालाल अहिरवार, आनंद अहिरवार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# मसीह समुदाय ने अपने पूर्वजों को किया याद



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर मसीह समुदाय ने अपने सभी मृत्य बिस्वासियो को रविवार को याद करते हुए बिलहरी कब्रिस्तान पहुँच कर प्राथनाएं की एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की। ईसाई मान्यता के अनुसार सभी बिसवासी अपने प्रियजनों की धार्मिक अनुष्ठानो की शांति के लिये प्रार्थना करते है, बिलहरी क़ब्रस्तान में बिशप डॉ वल्लन अरासु ने सभी पुरोहितों के साथ मृत बिस्वासियो की कब्रो को आशीष दिया। मुख्य प्रवचन जबलपुर धर्मप्रांत के रेक्टर फ़ादर खीस्तराज ने अपने संदेश में कहा की मनुष्य को अपनी मृत्यु के प्रति बहुत सकारात्मक रहना चाहिए एवं अपने सभी परिचित लोगो के लिए प्राथना करते रहना चाहिए, साथ ही सभी मनुष्यों में प्रेम ,भाईचारे और विश्वास को महत्व देना चाहिए। इस अवसर पर पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया। जिसमें सेन्ट पीटर एंड पॉल महागिरजाघर के प्रमुख डॉ फादर डेविस जॉर्ज, सह पल्लीपुरोहित जोनस मरकाम, सेंट अल्लोयसिस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फादर वेन अंतोन , फादर जॉन वाल्टर आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ समाजसेवी कर्मचारी नेता के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह



**नवभारत, जबलपुर।** एकदशी के पावन पर्व पर गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के द्वारा अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल गोंडवाना चौक जबलपुर में आदिवासी संस्कृति परम्परागत बड़ा देव की पूजन अर्चना की गई एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश में कार्यरत वरिष्ठ कर्मचारी नेता एवं समाजसेवी अजय झारिया जी सहायक कुलसचिव के पद से 31 अक्टूबर को अपनी 39 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर उनके सम्मान में गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ, डोमा परिसंघ जबलपुर मप्र,आदिवासी कर्मचारी संघ, द्वारा सेवानिवृती सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता किशोरीलाल भलावी संभागीय अध्यक्ष द्वारा की गई। साथ ही डोमा परिसंघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कापसे ज़ी एवं संघ के पदाधिकारियों द्वारा एक स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के आर के ठाकुर, विधि सलाहकार एड.बालकिशन चौधरी,उत्तम सिंह मरकाम, नेमसिंह मरकाम, जगदीश नन्हेट, जय केवट, मुकतेश्वर राव, सुरेन्द्र लखेरा, राजकुमार वर्से, किशोरीलाल भद्देल, दिलीप सेन, इंटक अध्यक्ष, सुनील रेकवार, एड गिरिश मराठा,घनश्याम यादव, सुखदीन कटारे, राजू मेहतो, रामकृपाल चौधरी, सत्यन्द्र ब्यौहार, एम एल रेकवार, गया प्रसाद घुर्वे, दिशा इन्वाती, अंजना इन्वाती, शशि भलावी, कोमल सिंह मरकाम, आदि उपस्थित रहे।

मिष्ठान खिलाया | कर्मचारियों ने कहा - पहली बार किसी कुलगुरु ने की ऐसी पहल

# कुलगुरु ने कर्मचारियों के घर जाकर दी दिवाली की बधाई



**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में दीपावली एवं देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के लिए एक विशेष दिन रहा। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने परंपरा से हटकर आत्मीयता का परिचय देते हुए विश्वविद्यालय परिसर में निवासरत सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के घर जाकर उन्हें एवं उनके परिवारजनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने अपने हाथों से सभी को मिष्ठान खिलाया और उनके सुख-समृद्धि की कामना की। कुलगुरु को अपने बीच पाकर कर्मचारी एवं अधिकारी वर्ग अत्यंत उत्साहित दिखाई दिए। सभी ने उनका चाय एवं मिष्ठान से आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के चहुँमुखी विकास हेतु अपने सुझाव भी कुलगुरु जी के समक्ष रखे। कई कर्मचारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी कुलगुरु ने इस प्रकार आत्मीय रूप से प्रत्येक कर्मचारी के घर जाकर शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की 69 वर्षों की यात्रा में ऐसा प्रसंग पहले कभी नहीं हुआ। जैसे-जैसे कुलगुरु प्रो. वर्मा का यह आत्मीय भ्रमण आगे बढ़ा, विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य स्वयं जुड़ते गए और देखते ही देखते यह मिलन समारोह एक ऐतिहासिक क्षण बन गया।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर कर्मचारी संघ अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पटेल, उपाध्यक्ष प्रेम पटेल, प्रवीण जायसवाल, जमना मिश्रा, डॉ. महेन्द्र श्रीवास्तव, सुधीर शुक्ला, बीरेन्द्र तिवारी सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिवार ने कुलगुरु प्रो. वर्मा के इस सराहनीय एवं प्रेरणादायी कदम के लिए उनका आभार व्यक्त किया।




# बैठक की तय हुई रूपरेखा

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आज 3 नवंबर को सायं 6 बजे बंगाली समाज की बैठक सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक में आयोजित की गई है। जिसकी रूपरेखा तैयार की गई। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अद्वैत चरण दत्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक दीपांकर बनर्जी ने सभी बंगाली क्लब कालीबाड़ी एवं दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। इस अवसर पर सहसंयोजक डॉक्टर संजय चौधरी, सुब्रत पाल, सुजीत घोष, प्रकाश साहा, सुब्रत सोम, रूपांजलि बैनर्जी, मिताली बैनर्जी, पीयूष हाजरा, अनूप मजूमदार, कार्तिक बनर्जी प्रश्नजीत चटर्जी उपस्थित रहें।